आर्य सम
वर्गांक
पुस्तकांक
क्रमांक

All Rights Rese...
सर्वाधिकार स्वाधीन है।

हिन्दी कुर्आन्

सटीक

قرآن مجید

अनुवादक

रामचन्द्र देहलवी।

मूल्य:— पाँच आने।

...र
...दिक
...आक्षेपों
...ो एकत्रित
...न्तया वहां के

आर्य स
समाज
पुस्तकाल
क्रमांक

ॐ

नमः परमात्मने।

भूमिका

मैं ने आर्य्य-समाज की यदि अभी तक कोई सेवा की थी तो वह केवल मौखिक व्याख्यानों और शास्त्रार्थों द्वारा, लेख द्वारा नहीं। इसके दो कारण थे एक तो यह कि मुझे अवकाश ही न मिला; दूसरे यह कि जब तक किसी विषय में पूरा अनुभव न हो जावे और उसकी आवश्यकता न प्रतीत हो तब तक उस पर लेखनी उठाना उचित नहीं। इस कारण मैं चुप रहा और लोगों के कहने का कुछ विचार नहीं किया। परंतु जब तक़ाज़े बहुत बढ़ गए और मुझे भी पता लग गया कि जिस वस्तु की लोग इच्छा कर रहे हैं वह सच्ची इच्छा है और मैं उसे कर भी सकता हूं, तो मैं ने अपने मन में दो काम करने की ठानली, एक तो क़ुरआन् का हिंदी अनुवाद जो आज तक कहीं नहीं हुआ है और दूसरे ईसाई और यवनों के लग भग सब आक्षेपों के उत्तर जो वह आज कल वैदिक धर्म पर करते हैं। मेरा विचार पहले वैदिकधर्म पर अन्य मतावलम्बियों के आक्षेपों का उत्तर लिखने का था और मैं ने उसके लिये बहुत कुछ सामग्री भी एकत्रित करली थी परन्तु जब मैं मुम्बई गुरुकुल के उत्सव पर गया तो सामान्यतया वहां के

आर्य्य पुरुषों ने और विशेषतः हमारे माननीय राज्य-रत्न श्री पं० आत्माराम जी एज्युकेशनल् इन्सपेक्टर बड़ौदा स्टेट ने कुर्आन के हिंदी अनुवाद को जल्दी से लिख डालने की इच्छा प्रकट की, सो मैं ने आते ही इस कार्य को आरम्भ कर दिया। मैं इस अनुवाद को सिपारे के रूप में निकालना चाहता हूं जो कि ३० होंगे। यह पहला सिपारा है जो मैंने आपकी भेट किया है, इसी प्रकार के २९ और होंगे। मुझे आशा है कि यह उस कमी को पूरा करेगा जिसे उपदेशक महाशय अपने व्याख्यानों और मुनाज़िरों में बहुधा अनुभव किया करते थे।

वैसे तो सचाई एक ऐसी वस्तु है जो साधारण शब्दों में वर्णन की हुई भी कुछ कम प्रभाव नहीं डालती तो भी अन्य मतावलम्बियों के मत की समीक्षा करते समय यदि उनके प्रमाणों को हूबहू उन्हीं की भाषा में सुनाकर फिर उनपर दोषारोपण किया जावे तो उसका कुछ और ही प्रभाव पड़ता है और प्रतिवादी को झूटे बहाने बनाने का अवसर ही नहीं मिलता।

इस उद्योग से एक यह भी लाभ होगा कि बहुत से भाई जो कुरान की शिक्षा से अनभिज्ञ थे और अभिज्ञ होना चाहते थे परंतु उर्दू न जानने के कारण इस को पढ़ नहीं सकते थे उनको अच्छा अवसर मिल जावेगा कि इसको पढ़कर इस्लाम के वास्तविक रूप का ज्ञान प्राप्त करले।

क्योंकि मुसल्मान लोग अपनी कुर्आन् को शुद्ध और स्पष्ट पढ़ने का विशेष ध्यान रखते हैं तो वह यह भी पसंद नहीं करते कि अन्य भी इसको अशुद्ध पढ़ें इस लिये बहुत अवसरों पर वह इसी मिस से व्याख्यान या शास्त्रार्थ में कोलाहल मचा देते हैं कि "तुमने ग़लत पढ़ा ग़लत पढ़ा" और तत्वकी बात को जिसकी ओर विशेष ध्यान देना चाहिए था खो देते हैं जिस से व्याख्याता या शास्त्रार्थ कर्ता को बड़ा दुःखित और लज्जित होना पड़ता है। इसलिये मैं ने इस बातको ध्यान में रखते हुए कुर्आन् की अरबी आयतों का देवनागरी अक्षरों में उल्था बड़ी ही सावधानी से किया है और मुझे पूर्ण आशा है कि यदि पाठकोंने उन ७ नियमों को जो मैं ने पुस्तक के आरम्भ में ही दे दिये हैं भली प्रकार ध्यान में रखकर आयतोंको याद किया तो कोई यह न पहचान सकेगा कि इस पुरुष ने अरबी की कुर्आन् से वह आयतें याद की हैं या हिंदी की से।

अब रहा कुर्आन का आर्य्यानुवाद वह सरल आर्य भाषा में कर दिया है जिस से हर प्रकार की योग्यता का पुरुष इस को समझ सके। विशेष बड़े शब्दों का प्रयोग यथा सम्भव छोड़ दिया गया है। कोष्ठक में जो कुछ लिखा गया है वह मूल में नहीं है यदि ऐसा न किया जाता तो बात का अच्छी प्रकार समझ में आना दुस्तर था।

इस में एक बात विशेष है जो आयतों की गिनती कर दी गई है। इससे प्रमाण के ढूंढने और बताने में बड़ी सुविधा हो जावेगी।

अंत में मैं यह जानता हुआ कि मनुष्य अल्पज्ञ है और भूल कर सकता है यदि मुझसे कोई भूल हो गई हो या त्रुटि रह गई हो तो पाठक मुझे क्षमा करेंगे, सुझाने पर उसको निकाल दिया जावेगा।

यदि कोई सज्जन कुछ ऐसी बात सुझावें जो इस पुस्तक की किसी त्रुटि को पूरा करे वा इसको और उपयोगी बनावे तो मैं उनका हृदय से कृतज्ञ होता हुआ दूसरे सिपारे में निकालने योग्य को निकाल और डालने योग्यको डाल दूंगा। इस कारण दूसरा सिपारा कुछ देरसे निकलेगा।

वैदिकधर्म का तुच्छ सेवक
रामचंद्र देहलवी।

ता० १ मई सन् १९२४

सप्त संकेत

अर्थात्

कुरान की आयतों को शुद्ध और स्पष्ट

पढ़ने के नियम

१ जो अक्षर सस्वर हो उस को पूर्णतया स स्वर और हलन्त को हलन्त ही उच्चारण करना चाहिये

२ जिस शब्द के अक्षरों को " – " इस चिह्न से जुदा २ लिखा गया है वह एक ही शब्द है अनेक नहीं, ऐसा करने का कारण केवल यह है कि उन अक्षरों का उच्चारण वर्ण माला के अक्षरों की भांति पृथक् पृथक् किया जावे

३ जिन शब्दों के अन्त में ह्रस्व स्वर " अ, इ, उ " हों या किसी भी व्यञ्जन पर इन की मात्रा हो तो उन को क्रम से कुछ २ " आ, ए, ओ " की भांति पढ़ना चाहिये अर्थात् ह्रस्व और दीर्घ दोनों स्वरों का मध्य-वर्ती उच्चारण उच्चरित होना चाहिये

४ प्रत्येक आयत के अन्तिम शब्द को सर्वत्र, और उस के किसी टुकड़े के अंतिम शब्द को केवल उस समय जब प्रमाण रूप से मौखिक प्रस्तुत करना हो निम्नोक्त नियमों के साथ पढ़ना चाहिये

(क) (उपर्युक्त अन्तिम शब्दों का) अन्तिम स्वर यदि ह्रस्व हो और उसके परे कोई अक्षर न हो तो पाठ करते समय उस स्वर का लोप होगा जैसे
" सु-फ़-हा३अ, सु-फ़-हा३इ, सु-फ़-हा३उ " तीनों को
सु-फ़-हा३ या
" रही-म रही-मि, रही-मु " तीनों को " रहीम् " पढ़ना चाहिये

(ख) यदि " उन् और " इन् " के वज़न पर अन्त होता हो तो " उन् और इन् " का लोप होगा जैसे:— " अ़ज़ाबुन् व अ़ज़ाबिन् " दोनों को " अ़ज़ाब् " ही पढ़ना चाहिए

(ग) यदि " अन् " के वज़न का अन्त होता हो तो इस के स्थान में दीर्घ " आ " की मात्रा का उच्चारण किया जावे जैसे :— " अज़ाबन् " को " अज़ाबा " पढ़ना चाहिये

(घ) यदि अंतिम अक्षर " तन्, तिन् और तुन् " हों तो इन के स्थान में : विसर्ग पढ़ा जावे जैसे :— "ग़िशावतुन् " को " ग़िशावः " पढ़ना चाहिये

(ङ) परंतु " इन्, अन्, बिन्, मिन्, मन् और कुन् " इत्यादि अरबी में स्वतंत्र शब्द हैं सो ये और इन जैसे केवल दो अक्षरों वाले अन्य भी इस नियम से बाहर हैं, इन नियमों से विलक्षण जहां कहीं कोई-बात आवेगी उस को वहीं खोल दिया जावेगा

५ जहां किसी शब्द के बीच में या अन्त में ३ का अङ्क आवे उन के पहले वाले अक्षर को प्लु त पढ़ना चाहिये

६ जहां कहीं विराम का चिह्न " , " हो उस का भी ध्यान रखना चाहिये नहीं तो बात बेजोड़ होजावेगी ; जहां कहीं " अनिवार्य विराम " लिखा हो उस को भी आयत के तुल्य पढ़ना चाहिये (अर्थात (४) चौथा नियम काम में लाना चाहिये)

७ इस सिपारे की बहुत सी आयतों के अन्त में जिन शब्दों या अक्षरों को कोष्ठक में लिख दिया है वह नियम (४) को सुविधा से समझ जाने के हेतु किया गया है ।

हिन्दी कुर्आन्

सटीक

" अलिफ़् लाम्मीम् " का पारा

सम्पादक—
पण्डित रामचन्द्र
आर्योपदेशक, देहलवी ।

मुद्रक—
नारायणप्रसाद बेताब
बेताब प्रिंटिंग वर्क्स देहली ।

ओ३म् दृष्ट्वा रूपे व्याकरोत्सत्यानृते प्रजापतिः। अश्रद्धा मनृतेऽदधाच्छ्रद्धा सत्ये प्रजापतिः ॥

भाषार्थ

प्रजापति परमेश्वर ने धर्म और अधर्म के प्रसिद्ध अर्थात् जो बाहर की चेष्टा के साथ सम्बंध रखता है और अप्रसिद्ध अर्थात् जो आत्मा के साथ सम्बंध रखता है दोनों लक्षणों को अपनी सर्वज्ञ विद्या से पृथक् पृथक् कर दिया है। इस लिए सब मनुष्यों को अनृत अर्थात् अधर्म और अन्याय में अश्रद्धा रखनी चाहिए और सत्य अर्थात् वेदशास्त्र प्रतिपादित प्रत्यक्षादि प्रमाणों द्वारा सुपरीक्षित पक्षपात रहित न्याय रूप धर्म में श्रद्धा रखनी चाहिए अर्थात् उस से प्रीति करके उसी पर चलना चाहिए।

(यजु० अ० १९ मं० ७७)

॥ क़ुर्आन् आरम्भ ॥

सूरए फ़ातिहा (आरम्भिक)

मक्के में उतरी, इस की ७ आयतें हैं।

पहला रुकू

१ बिस्मिल्ला-हि र्रह्मा-नि र्रही-मि (म्)	१ अल्लाह* के नाम से (जो) अत्यन्त दयालु और कृपालु (है,)
२ अल्हम्दु लिल्ला-हि रब्बिल् आ-ल-मी-न (न)	२ सर्व प्रकार की स्तुति अल्ला ही के लिये है (जो) सर्व जगत् का (रब अथवा रवि) पालन कर्ता (है,)
३ अर्रह्मा-निर्रही-मि (म्)	३ अत्यन्त कृपालु, दयालु
४ मा-लिकि यौमिद्दी-नि (न)	४ स्वामी न्याय के दिनका
५ ईय्या-क नअ्बुदु व ईय्या-क नस्त ईनु (न)	५ तेरी ही हम उपासना करते हैं और तुझ ही से सहायता मांगते हैं
६ इह्दि नस्सिरात्ल्मुस्तक़ी-म (म्)	६ हम को सीधा रस्ता दिखा
७ सिरात्ल्लज़ी-न अन्अम्-त अलैहिम् ग़ैरिल् मग़्ज़ूबि अलैहिम् व लज़्ज़ा-ल्ली-न (न)	७ उन लोगोंका रस्ता जिन पर तूने कृपा की, न उन का जिन पर तेरा कोप-पात हुआ, और न रस्ते से भटके हुओं का,

सूरए बक़र [गाय]

मदीने में उतरी, इस की २८६ आयतें हैं और ४० रुकू।

पहला रुकू आयत ७

१ बिस्मिल्ला-हि र्रह्मा-नि र्रही-मि (म्) अलिफ़् ला३म्मी३म् †	१ अल्ला के नाम से (जो) अत्यन्त कृपालु और दयालु (है,)

* अल्लाह का अर्थ मैंने अल्ला किया है जो संस्कृत भाषा का शब्द है और उसका अर्थ माता, सब का धारण और पालन करने हारा और परमात्म देवता है अरब वालों ने इसको यहीं से लिया प्रतीत होता है।

† इस प्रकार के अक्षर जो क़ुर्आन् में किसी २ सूरत के आरम्भ में आए हैं "मुक़त्त्आत" अर्थात् पृथक २ किये हुए या काटे हुए कहलाते हैं और वर्णमाला के अक्षरों की तरह पृथक २ पढ़े जाते हैं और आकाशवाणी के गुप्त रहस्य में है जिनके अर्थ ईश्वर ने किसी कारण से प्रगट नहीं किये भाष्य कारों ने जो अर्थ निर्दिष्ट किये हैं वो उनकी अपनी कल्पना है।

२ ज़ा-लिकल् किता-बु लारै-ब, फ़ीहि, हुदंल्लिल् मुत्तक़ी-न (न)	२ यह वह पुस्तक है जिसमें कुछ भी शंका नहीं मार्ग दिखाती है डरवालों को,
३ अल्लज़ी-न योमिनू-न बिल्ग़ैबि व युक़ीमूनस्सला-त व मिम्मा रज़क़्नाहुम् युनफ़िक़ू-न (न)	३ जो परोक्ष पर विश्वास लाते और नमाज़ पढ़ते और जो कुछ हमने उनको दे रक्खा है उसमें से व्यय करते
४ वल्लज़ी-न योमिनू-न बिमा उन्ज़ि-ल इलै-क व मा उन्ज़ि-ल मिन् क़ब्लि-क, व बिल् आख़िरति हुम् यूक़िनू-न (न)	४ और जो विश्वास करते हैं (उसपर) जो कुछ तुम पर उतरी और जो कुछ उतरी तुझ से पूर्व और वह अंतिम दिनका भी विश्वास रखते हैं,
५ उलाइ-क अला हुदम्मिर्रब्बिहिम्, व उलाइ-क हुमुल् मुफ़्लिहू-न (न	५ यही लोग अपने पालन कर्ता के सीधे मार्ग पर हैं और यही मनोरथ प्राप्त करेंगे
६ इन्नल्लज़ी-न क-फ़-रू सवाउन अलै-हिम् अ-अन्ज़र्तहुम् अम् लम् तुन्ज़िर्हुम् ला योमिनू-न (न)	६ (हे पैग़म्बर) जिन लोगोंने (मुसल्मान होना) अस्वीकार किया उनके लिये समान है कि तुम उनको चाहे भय दिलाओ या न दिलाओ वो न मानेंगे
७ ख़-त-मल्ला-हु अला क़ुलूबिहिम् व अला सम्एहिम्, व अला अब्सा-रिहिम् ग़िशावतुन, व लहुम् अज़ाबुन अज़ीमुन (अज़ीम्)	७ उनके हृदयों पर और उनके कानों पर अल्लाने मुहर छाप लगादी है और उनके नेत्रों पर पर्दा है और उनको बड़ी मार (पड़नी) है,

दूसरा रुकू । आयत १३+७=२०

१ व मिनन्ना-सि मैंयक़ूलु आमन्ना बिल्ला-हि व बिल् यौमिल आख़िरि वमा हुम् बिमोमिनी-न (न)	१ और लोगों में से कुछ ऐसे भी हैं जो कह देते हैं कि हम अल्ला और न्याय के (अन्तिम) दिन पर विश्वास लाए किन्तु (वास्तव में) वह विश्वास नहीं लाए,
२ युख़ादिऊ़नल्ला-ह वल्लज़ी-न आ-मनू व मा यख़्दऊ़-न इल्ला अनफ़ु-स-हुम् व मा यश्उरू-न (न)	२ (यह लोग) अल्ला को और उन लोगों को जो विश्वास ला चुके हैं धोखा देते हैं और (वास्तव में, धोखा नहीं देते हैं (किसी को) परन्तु अपने आप को, और नहीं समझते,
३ फ़ी क़ुलूबिहिम् म-र-ज़ुन, फ़ज़ा-दहु मुल्ला-हु म-र-ज़न, व लहुम् अज़ाबु-न अलीमुम् बिमा कानू यक्ज़िबू-न(न)	३ उनके हृदयों में रोग था, अब अल्लाने उनका रोग और भी बढ़ा दिया और उनको दुःख की मार है इस कारण कि मिथ्या भाषण करते थे,
४ व इज़ाक़ी-ल लहुम् ला तुफ़्सिदू	४ और जब उनसे कहा जाता है कि देश में झगड़ा

फ़िल् अर्ज़ि क़ालू इन्नमा नह्नु मुस्लि हू-न (न)	न फैलाओ तो कहते हैं कि हम तो एकता कराने वाले हैं और बस (अन्य कुछ नहीं)
५ अलाइन्नहुम् हुमुल्मुफ़्सिदू-न व ला किल्ला यश्उरू-न (न)	५ सुनो जी ! यही लोग झगड़ालू हैं परन्तु नहीं समझते,
६ व इज़ा क़ी-ल लहुम् आमिनू कमा आम नन्नासु क़ालू अनोमिनु कमाआमनस्सु फ़-हाउ, अलाइन्नहुम् हुमुस्सु-फ़-हा-उ, व लाकिल्ला यअ्-ल-मू-न (न)	६ और जब इनसे कहा जाता है कि जिस प्रकार अन्य लोग विश्वास ले आए हैं तुम भी विश्वास ले आओ तो कहते हैं कि क्या हम भी (उसी प्रकार) विश्वास ले आवें जिस तरह (अन्य) मूर्ख विश्वास ले आए हैं, सुनो जी ! यही लोग मूर्ख हैं परन्तु नहीं जानते
७ व इज़ा लक़ुल्लज़ी-न आ-म-नू क़ालू आमन्ना, वइज़ा ख़लौ इला शयाती-निहिम्, क़ालू इन्ना म-अ-कुम्, इन्नमा नह्नु मुस्तहज़िऊ-न (न)	७ और जब उन लोगों से मिलते हैं जो विश्वास ला चुके तो कहते हैं हम (भी तो) विश्वास ला चुके हैं और जब एकान्त में अपने शैतानों (दुष्ट साथियों) से मिलते हैं तो कहते हैं कि हम तुम्हारे साथ हैं हम तो सिर्फ़ हंसी करते हैं
८ अल्ला-हु यस्तहज़िउ बिहिम् वयमुद्दुहुम् फ़ी तुग़्यानिहिम् यअ्-म-हू-न (न)	८ (वास्तव में) अल्ला इन की हंसी उड़ाता है और इनको ढील देता है कि अपनी कुटिलता की भूल भुलइयों में भटकते रहें,
९ उलाइकल्लज़ीनश्त-र वुज़्ज़लाल-त बिल्हुदा, फ़ मा रबिहत् तिजा-रतु हुम् व मा कानू मुहतदी-न (न)	९ यही हैं वो लोग जिन्होंने सुमार्ग के बदले कुमार्ग मोल लिया, सो न तो इनका व्यापार ही लाभप्रद रहा और न सुमार्ग ही पर स्थित रहे,
१० म-स-लुहुम् क-म-सलिल्लज़िस्तौक़-द नारन, फ़ लम्मा अज़ाअत् माहौलहू ज़-ह-बल्ला-हु बिनूरिहिम् व त-र-कहुम् फ़ी ज़ुलुमातिन ला युब्सिरू-न (न)	१० इनकी कहावत उस पुरुष की सी कहावत है जिसने (मनुष्यों के एक समूह में रात्रि के समय) अग्नि जलाई जब उस (पुरुष) के निकट की वस्तुएँ चमक उठीं तो अल्ला ने उन (लोगों की आंखों) की रोशनी नष्ट कर दी और उनको अन्धकार में छोड़ दिया कि उनको कुछ भी नहीं दीखता
११ स्युम्मुम् बुक्मुन उ़मियुन फ़हुम् ला यर्जिऊ-न (न)	११ बहरे, गूंगे, अंधे कि वो फिर(सुमार्ग पर)नहीं आसक्ते
१२ औ कसैयबिम् मिनस्समाइ फ़ीहि ज़ुलुमातुन व र-अ्-दुन व बर्क़ुन, यज् अलू-न अस्बाबिअहुम् फ़ी आज़ानि हिम् मिनस्सवाइक़ि ह-ज़-रल्मौति, बल्ला-हु मुहीतुम् बिल् काफ़िरी-न (न)	१२ या जैसे आकाश की वर्षा कि उसमें अंधकार है और गरज और बिजली, मृत्यु के भय से कड़क के मारे अपने कानों में अंगुलियां ठोंसे लेते हैं, अल्ला इस्लाम स्वीकार न करने वालों को घेरे हुए है

१३ यकादुल बर्क़ु यख़्तफ़ु अब्सा-र हुम् कुल्लमा अज़ाअ-लहुम् मशौ फ़ीहि, व इज़ा अज़्ल-म अलैहिम् क़ामू, व लौ शाअल्ला-हु ल-ज़-ह-ब बिसम्-इ-हिम् व अब्सारिहिम्, इन्नल्ला-ह अला कुल्लि शैइन क़दीरुन (क़दीर)

१३ समय निकट ही है कि बिजली उनकी दृष्टियों को उचक ले जावे, जब उनके आगे बिजली चमकी तो उसमें कुछ चले और जब उन पर अंधकार छा गया तो खड़े (के खड़े) रह गए और यदि ईश्वर चाहे तो उनके सुनने और देखने की शक्तियां छीन ले निस्संदेह ईश्वर प्रत्येक वस्तु पर सामर्थ्य रखता है

तीसरा रुकू। आयत ९+२०=२९

१ याऐयुहन्ना-सु-अ-बुदू रब्बकुमुल-ल़ज़ी ख़-ल-क़कुम् वल्लज़ी-न मिन क़ब्लि कुम् ल-अल्लकुम् तत्तक़ू-न (न)

१ लोगों ! अपने रबकी उपासना करो जिसने तुमको और उन लोगोंको जो तुमसे पूर्व हो चुके हैं पैदा किया, आश्चर्य नहीं कि तुम विविक बन जाओ

२ अल्लज़ी ज-अ-ल लकुमुल अर्-ज़ फ़िराशन वस्समाअ बिनाअन, व अंज़-ल मिनस्समाइ माअन फ़ अख़-ज बिही मिनस्स-म-रा-ति रिज़्क़ल्लकुम् फ़ ला तज्अलू लिल्लाहि अन्दादन व अन्तुम् तअ-लमू-न (न)

२ जिसने तुम्हारे लिये पृथिवी का बिछौना बनाया और आकाश की छत, और आकाश से पानी बरसा कर उससे तुम्हारे खाने के फल उत्पन्न किए, अतः किसी को अल्ला के तुल्य न बनाओ और तुम तो जानते (बूझते) हो

३ व इन कुन्तुम् फ़ी रैबिम् मिम्मा नज़्ज़ल्ना अला अब्दिना फ़ातू बिसू-रति-म् मिम् मिस्लिही, वद्ऊ शु-ह-दाअ कुम् मिन्दूनिल्ला-हि इन कुन्तुम् स्वादिक़ी-न (न)

३ और यदि तुमको उसमें शंका हो जो (पुस्तक) हमने अपने सेवक पर उतारी है तो इसी जैसी एक सूरत (टुकड़ा) लाओ और ईश्वर के अतिरिक्त अपने अपने सहायकों को भी बुलाओ यदि तुम सच्चे हो,

४ फ़ इल्लम् तफ़्अलू व लन तफ़्अलू फ़त्तक़ुन्नारल्लती वक़ूदुहन्ना-सु वल् हिजा-र-तु, उइद्दत् लिल् काफ़िरी-न(न)

४ जो यदि न कर सको और कदापि न कर सकोगे तो अग्नि से डरो जिसके ईंधन मनुष्य और पाषाण हैं (और वह) काफ़िरों (अविश्वासियों) के लिये तैयार है

५ व बश्शिरिल्लज़ी-न आ-म-नू व अमिलुस्स्वालिहा-ति अन-नलहुम् जन्नातिन तज्री मिन तह्तिहल अन्हा-रु, कुल्लमा रुज़िक़ू मिन्हा मिन स-म-रतिर्रिज़्क़न

५ और (ए ! पैगम्बर) जो लोग विश्वास लाए और शुभ कर्म किये उनको शुभ सूचना दे दो कि उनके लिये (स्वर्ग) बाग़ हैं जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, जब उनको उनमें का कोई

क़ालू हाज़ल्लज़ी रुज़िक़्ना मिन्क़ब्लु व उतूबिही मु-त-शाबिहन(मु-त-शाबिहा), वलहुम् फ़ीहा अज़्वाजुम् मुत्वह्ह-र-तुंव्व हुम् फ़ीहा ख़ालिदू-न (न)

उनको समानाकृति के ही (मेवे) मिला करेंगे और वहां उनके लिये बीवियां होंगी स्वच्छ पवित्र और वह उनमें सदा रहेंगी

६ इन्नल्ला-ह ला यस्तह्यी ऐंयज़्रि-ब म-स-लम्मा बऊज़तन फ़मा फ़ौक़हा, फ़ अम्मल्लज़ी-न आ-म-नू फ़ यअ-ल-मू-न अन्नहुल् हक़्क़ु मिर्रब्बिहिम्, व अम्मल्लज़ी-न क-फ़-रू फ़ यक़ूलू-न मा-ज़ा अरादल्ला-हु बिहाज़ा म-स-लन (मसला), युज़िल्लु बिही कसीरन व यह्दी बिही कसीरन (कसीरा), वमा यु-ज़िल्लु बिही इल्लल् फ़ासिक़ी-न (न)

६ अल्ला किसी दृष्टान्त के वर्णन करने में लज्जा नहीं करता (चाहे वह) मच्छर का हो या उससे भी बढ़कर (किसी और तुच्छ वस्तु का) सो जो लोग विश्वास ला चुके हैं वह तो निश्चय रखते हैं कि यह (दृष्टान्त) ठीक है और उनके रब की ओर से (है) और जो अविश्वासी हैं वह कहते हैं कि इस दृष्टान्त से अल्ला को क्या इष्ट था, भटका देता है इससे बहुत सों को और बहुत सों को इससे मार्ग बता देता है परन्तु इससे कुकर्मियों को ही भटकाता है

७ अल्लज़ी-न यन्क़ुज़ू-न अह्दल्ला-हि मिम् बअ्दि मीसाक़िही(मीसाक़िः),व यक़्तअू-न मा अ-म-रल्ला-हु बिही ऐंयूस-ल व युफ़्सिदू-न फ़िल् अर्ज़ि, उलाइ-क हुमुल् ख़ासिरू-न (न)

७ जो दृढ़ किये पश्चात् अल्ला का प्रण भंग करते और जिन (सम्बन्धों) के जोड़े रखने की अल्लाने आज्ञा की है उनको तोड़ देते और देश में झगड़ा फैलाते हैं वही घाटे में होंगे

८ कै-फ़ तक्फ़ुरू-न बिल्ला-हि व कुन्तुम् अम्वातन फ़ अह्याकुम् सुम्-म युमी तुकुम् सुम्-म युह्यीकुम् सुम्-म इलैहि तुर्जऊ-न (न)

८ लोगो ! तुम किस प्रकार अल्ला के अविश्वासी हो सकते हो और (तुम्हारी अवस्था यह है) कि तुम मृतक थे तो उसने तुमको जीवित किया फिर तुमको मारता है फिर जीवित करेगा फिर उसी की ओर फेरे जाओगे

९ हुवल्लज़ी ख़-ल-क़ लकुम् मा फ़िल अर्ज़ि जमीअन (जमीआ), सुम्मस्तवा इलस्समाइ फ़ सव्वाहुन्-न सब्-अ समावातिन (समावात), वहु-व बिकुल्लि शैइन अलीमुन (अलीम)

९ वही है जिसने तुम्हारे लिए पृथ्वीकी सर्व वस्तुएं उत्पन्न कीं फिर आकाश को चढ़ गया तो ठीक बनाए उनको सात आकाश और वह प्रत्येक वस्तु का ज्ञाता है

चौथा रुकू आयत १०+२९=३९

१ व इज़् क़ा-ल रब्बु-क लिल् मलाइ३कति इन्नी जाइ३लुन फ़िल् अर्ज़ि ख़ली-फ़तन(ख़लीफ़ः),क़ालू अतज्अलु फ़ीहा मैं यु-फ़सिदु फ़ीहा व यस्फ़िकुद्दिमाइ३अ व नह्नु नुसब्बिहु बिहम्दि-क व नुक़द्दिसु ल-क (लक),क़ा-ल इन्नी आअ-लमु मा ला तअ-लमू-न (न)

१ (ऐ पैग़म्बर ! लोगों से उस समय का वृत्तान्त कहो) जब तुम्हारे रब ने फ़रिश्तों (स्वर्ग दूतों) से कहा कि मैं पृथ्वी में (अपना) प्रतिनिधि बनाने वाला हूं, बोले क्या पृथ्वी में ऐसे लोगों को बनाता है जो इस में झगड़ा फैलावें, और लहू बहावें और हम स्तुति करते हुए तेरी पवित्रता और निर्दोषता का प्रकाश करते रहते हैं अल्ला ने कहा मैं वह जानता हूं जो तुम नहीं जानते,

२ व अल्ल-म आ-दमल् अस्माइ३अ कुल्लहा सुम्-म अ-र-ज़हुम् अलल् मला इ३कति फ़ क़ा-ल अम्बिऊनी बिअस्माइ३इ हा-उलाइ३इ इन कुन्तुम् स्वादिक़ी-न (न)

२ और आदम को सब नाम बता दिए फिर उन वस्तुओं को फ़रिश्तों के समक्ष रख के कहा कि अगर तुम सच्चे हो तो मुझ को इन वस्तुओं के नाम बताओ,

३ क़ालू सुब्हान-क ला इल्-म लना इल्ला मा अल्लम्तना, इन्न-क अन्तल् अलीमुल् हकीमु (म)

३ बोले तू पवित्र है जो तूने हम को बता दिया है उसके उपरान्त हमको कुछ ज्ञान नहीं, निश्चय तू ही जानने वाला और भेदका पहचानने वाला है

४ क़ा-ल या ! आ-दमु अम्बिहुम् बि-अस्माइ३इहिम्, फ़ लम्-मा अम्बाहुम् बिअस्माइ३इहिम् क़ा-ल अलम् अ क़ुल्लकुम् इन्नी आअ-लमु ग़ैबस्समा-वाति वल् अर्ज़ि व आ-लमु मा तुब्दू-न व मा कुन्तुम् तक्तुमू-न (न)

४ कहा ऐ आदम ! तुम इनको (फ़रिश्तों को) इनके नाम बताओ फिर जब उसने इनको उनके नाम बता दिए तो (अल्लाने) कहा क्यों मैं ने तुम से नहीं कहा था कि आकाशों की और पृथ्वी की सब अप्रकट वस्तुऐं मुझको ज्ञात है और तुम जो कुछ प्रकट रूप से करते हो और जो कुछ तुम मुझसे छिपाते हो मुझको सब का ज्ञान है

५ व इज़् क़ुल्ना लिलमलाइ३कतिस्जुदू लिआ-द-म फ़-स-जदू इल्ला इब्ली-स, अबा वस्तक्ब-र व का-न मिनल् काफ़िरी-न (न)

५ और जब हमने फ़रिश्तों से कहा कि आदम के सामने नवो (नमस्कार करो) तो शैतान के सिवाय (सबके सब) झुक पड़े उसने अवज्ञा की और अभिमान में आ गया और अनाज्ञाकारियों में हो गया

६ व क़ुल्ना या ! आ-दमुस्कुन अन-त व ज़ौजुकल् जन्न-त व कुला मिन्हा र-ग़दन् हैसु शेतुमा व ला तक़्रबा हाज़िहिश्श-ज-र-त फ़ तकूना मिनज़् ज़ालिमी-न (न)

६ और हमने कहा ए आदम ! तुम और तुम्हारी स्त्री स्वर्गमें बसो और खाओ उसमें इच्छानुसार जहां कहीं से तुम्हारा जी चाहे परन्तु इस वृक्ष के पास न फटकना (ऐसा करोगे) तो तुम (हानि) अन्याय करोगे।

७ फ़ अज़ल्लहुमश्शैत्वानु अन्हा फ़ अख़्-र-जहुमा मिम्मा काना फ़ीहि (फ़ीः), व क़ुल्नाःबित्वू बअ-ज़ुकुम् लिबअ-ज़िन अदुव्वुन (अदुव्व),व लकुम् फ़िल् अर्ज़ि मुस्तक़र्रुंव्व मताउन इला हीनिन (हीन)

७ सो शैतान ने उनको वहांसे विचलित कर दिया और जिसमें थे उससे निकलवा छोड़ा और हमने कहा कि तुम (सब) उतर आओ तुम एक दूसरे के शत्रु हो और पृथ्वी में तुम्हारे लिए एक नियत समय तक ठिकाना और (जीवन व्यतीत करने की) सामग्री और साधन है

८ फ़-त-लक़्क़ा आ-दमु मिर्रब्बिही कलिमातिन फ़ ता-ब अलैहि (अलैः),इन्नहू हुवत्तव्वा-बुर्रहीमु (रहीम)

८ फिर आदम ने अपने रब से कुछ (क्षमा) के* वाक्य सीख लिए और अल्ला ने उनकी क्षमा स्वीकार की वस्तुतः वह बड़ा ही क्षमा करने वाला और कृपालु है

९ क़ुल्नाःबित्वू मिन्हा जमीअन (जमीआ), फ़ इम्मा यातियन्नकुम् मिन्नी हुदन फ़ मन तबि-अ हुदा-य फ़ ला ख़ौफ़ुन अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नू-न (न)

९ जब हमने कहा कि तुम सब यहां से उतर जाओ तो (साथ ही यह भी कहा कि) यदि मेरी ओर से तुम लोगों के पास कोई हिदायत (पथ प्रदर्शन) पहुंचे (तो उस पर चलना) क्योंकि जो कोई मेरे बताए पर चलेंगे उनको न भय होगा और न उनको शोक

१० वल्लज़ी-न क-फ़-रू व कज़्ज़बू बि आयातिना उलाइ३-क अस्हाबुन्नारि (नार), हुम् फ़ीहा ख़ालिदू-न (न)

१० जो लोग अवज्ञा करेंगे और हमारे चिन्हों को मिथ्या बतलावेंगे वही नार्किक होंगे और सदा नर्क ही में रहेंगे

पांचवां रुकू आयत ७+३९=४६

१ या बनी इस्राईलज़्कुरू निअ-मतिय ल्लती अन्अम्तु अलैकुम् व औफ़ू बिअ़हदी ऊफ़ि बिअ़हदिकुम् व ईय्या-य फ़र्हबूनि (न)

१ ए इस्राईल की सन्तान† वह मेरी कृपा स्मरण करो जो मैं तुम पर कर चुका हूं और तुम उस प्रतिज्ञा को पूरी करो जो मुझ से की और मैं उस प्रतिज्ञा को पूरा करूं जो तुम से की और मेरा ही भय रखो

---

* क्षमा मांगने के जो वाक्य ईश्वर की ओर से आदम को सिखाये गए थे वह सातवीं सूरत के दूसरे रुकू की १३ वीं आयत में वर्णित हैं ऐसा मुसलमानों का मत है।

† बनी इस्राईल के शाब्दिक अर्थ हैं "इस्राईलके बेटे" इस्राईल नाम है हज़रत याकूब का यूनानी भाषा में "इस्रा" सेवक भक्त या दास को कहते है और "ईल" ईश्वरको तो आर्य्य भाषा में इसका अर्थ ईश्वर भक्त या ईश्वर दास हुआ बनी इस्राईल याकूब का वंशधर अर्थात् यहूद।

२ व आमिनू बिमा अन्ज़ल्तु मुसद्दिक़न् लिमा म-अ-कुम् व ला तकूनू अव्व-ल काफ़िरिम्बिही, व ला तश्तरू बिआयाती स-म-नन क़लीलन व ईय्या-य फ़त्तक़ूनि (न)

२ और उस पर विश्वास लाओ जो मैंने उतारा है (और वह) उस (तौरात) को सत्य बताता है जो तुम्हारे पास है और पहले इसके अविश्वासी न बनो और मेरी आयतों (मैं प्रेषित करके उन) के बदले में थोड़ी क़ीमत मत लो और हम ही से भय करो

३ व ला तल्बिसुल् हक़्-क़ बिल् बातिलि व तक्तुमुल्हक़्-क़ व अन्तुम् तअ्-ल-मू-न (न)

३ और सत्य को असत्य के साथ न मिलाओ और जान बूझ कर सत्य बात को न छिपाओ

४ व अक़ीमुस्सला-त व आतुज़्ज़का-त वर्कअू मअ़र्रा-कि-ई-न (न)

४ और नमाज़ पढ़ा करो और ज़कात (दान) दिया करो और जो लोग (नमाज़ के समय) झुकते हैं उनके साथ तुम भी झुका करो

५ अता मुरूनन्ना-स बिल्बिर्रि व तन्सौ-न अन्फ़ु-स-कुम् व अन्तुम् तत्लूनल् किता-ब अ-फ़-ला तअ्-क़िलू-न (न)

५ क्या तुम लोगों को शुभ कर्म करने की प्रेरणा करते हो और अपने को भूल जाते हो यद्यपि पुस्तक पढ़ते रहते हो, क्या तुम नहीं समझते

६ वस्तईनू बिस्सब्रि वस्सलाति (वस्सला:), व इन्नहा ल-कबीर-तुन इल्ला अलल् ख़ाशिई-न

६ धैर्य प्राप्त करो संतोष और उपासना से और वास्तव में यह (नमाज़) भारी है परन्तु उन पर नहीं जो नम्र हैं

७ अल्लज़ी-न यज़ुन्नू-न अन्नहुम् मुलाक़ू रब्बिहिम् व अन्नहुम् इलैहि राजिऊ-न

७ जो यह विचार करते हैं कि वह (अंत में) अपने रब से मिलने वाले हैं और उसी की ओर लौट कर जाने वाले हैं

छटा रुकू आयत १३+४६=५९

१ या बनी इस्राईलज़्कुरू निअ्-मतियल्लती अनअम्तु अलैकुम् व अन्नी फ़ज़्ज़ल्तुकुम् अलल् आलिमी-न (न)

१ ऐ इस्राईल की संतान मेरी वह कृपा स्मरण करो जो मैंने तुम पर की और यह कि मैंने तुमको जगत के लोगों से उच्चता प्रदान की

२ वत्तक़ू यौमल् ला तज्-ज़ी नफ़्सुन अन नफ़्सिन शैअव्व ला युक़्बलु मिन्हा शफ़ा-अतुंव्व ला यौख़ज़ु मिन्हा अद्लुंव्व लाहुम् युन्-स-रू-न

२ और उस दिन से डरो कि कोई पुरुष किसी पुरुष के कुछ भी काम न आवे और न उसकी ओर से सिफ़ारिश स्वीकार हो और न उससे बदले में कुछ लिया जावे और न लोगों को कुछ सहाय पहुंचे

३ व इज़ नज्जैनाकुम् मिन आ-लि फ़िरऔ-न यसूमू-न-कुम् सूअल् अज़ाबि युज़ब्बिहू-न अब्ना-अकुम् व यस्तह्यू-न निसा-अ-कुम् व फ़ी ज़ालिकुम् बला-उम् मिर्रब्बि कुम् अज़ीमुन (अज़ीम्)

३ और (उस समय को याद करो) जब हमने तुमको फ़िरऔन के लोगों से मुक्त किया जो तुम को बुरी (बुरी) पीड़ा पहुंचाते थे कि तुम्हारे पुत्रों को हनन करते और तुम्हारी स्त्रियों को (अपनी सेवा के लिये) जीवित रहने देते और इसमें तुम्हारे रब से बड़ी परीक्षा थी

४ व इज़ फ़रक़्ना बिकुमुल्बह्-र फ़ अन्जैनाकुम् व अग़रक़्ना आ-ल फ़िरऔ-न व अन्तुम् तन्ज़ुरू-न

४ और जब हमने तुम्हारे लिए समुद्र को फाड़ दिया फिर हमने तुमको मुक्त किया और फ़िरऔन* के लोगों को तुम्हारे देखते २ डुबो दिया†

५ व इज़ वा-अद्ना मूसा अर्बई-न लैलतन सुम्मत्तख़ज़्तुमुल् इज्-ल मिम्बअ्-दिही व अन्तुम् ज़ालिमू-न

५ और जब हमने मूसा से (तौरात की पुस्तक देने के लिए) चालीस रात्रियों की प्रतिज्ञा‡ की फिर तुम उनके पीछे बछड़े (की पूजा) को ले बैठे और तुम अन्याय कर रहे थे

६ सुम्-म अफ़ौना अनकुम् मिम्बअ्दि ज़ा-लि-क ल-अल्ल-कुम् तश्कुरू-न

६ फिर इसके पश्चात् भी हमने तुमसे उपेक्षा की कि तुम हमारे कृतज्ञ होवो

७ व इज़् आतैना मूसल्किता-ब वल् फ़ुर्क़ा-न ल-अल्ल-कुम् तह्-त-दू-न

७ और जब हमने मूसाको पुस्तक (तौरात) प्रदान की और 'धर्म व्यवस्था', इस कारण कि तुम मार्ग पावो

८ व इज़् क़ा-ल मूसा लिक़ौमिही इन्नकुम ज़लम्-तुम् अन्फ़ु-स-कुम् बित्तिख़ाज़िकुमुल् इज्-ल फ़तूबू इला बारि-इकुम फ़क़्तुलू अन्फ़ु-स-कुम्, ज़ालिकुम् ख़ैरुल्लकुम् इन्-द बारि-इकुम्, फ़ ता-ब अलैकुम्, इन्नहू हुव

८ और जब मूसाने अपनी जाति से कहा कि (जाति) भ्राताओ तुमने बछड़े की पूजाके ग्रहण करने से अपने ऊपर अन्याय किया तो (अब) अपने रचयिता के समक्ष पश्चात्ताप करो (और अपने लोगों के हाथों से) अपना हनन करो जिसने तुमको पैदा किया है उसके निकट तुम्हारे लिए यही उचित (दंड) है फिर (ईश्वर ने)

* फ़िरौन मिश्र देश के राजा की पदवी थी और वह स्वाधीन था हज़रत यूसुफ़ ने बनी इस्राईल को मिश्र में बुला कर बसाया और उनका वंश मिश्र में फैला इस समय के फ़िरऔन बनी इस्राईल से द्वेश रखते थे और मिश्र देश में परदेशियों का बसना उनको सुहाता न था और सर्वाधिकारी होने के कारण बनी इस्राईल को अनेक प्रकार के दुःख देते इन से नीच सेवा कराते और उनकी स्त्रियों (पुत्रियों) का धर्म बिगाड़ते जब इनके दुख का पारावार न रहा तो ईश्वर ने इनकी रक्षा के वास्ते हज़रत मूसा को इनमें उत्पन्न किया।

† हज़रत मूसा बनी इस्राईल को चुपचुपाते पिछली रात मिसर से लेकर निकले फ़िरऔन को पता लगा तो उसने उनका पीछा किया प्रातः काल होते ही ऐसे स्थान पर जा लिया कि अभी दरिया से पार न होने पाये थे बनी इ० के लिये यह एक बड़ी आपत्ति का समय था पीछे दुश्मन आगे दरिया नौका इत्यादि पास नहीं। मूसा ने अपनी लाठी दरिया पर मारी तो वह फट कर टुकड़े २ हो गया बनी इस्राईल सूखे निकल गए। फ़िरऔन पीछा दबाए चला आता था जब दरिया के बीच में आया तो दरिया के टुकड़े मिलकर एक हो गये फ़िरऔन और उसका समस्त लश्कर डूब गया (बोलो सनातन धर्म की जय)

‡ मूसा को अल्लाह ने तौरात देने के लिए तूर पर्वत पर बुलवा भेजा था कि एक महीने पहाड़ पर आकर रहो फिर अल्लाह ने एक महीने का चिल्ला (४० रात्रि) कर दिया।

वौ-वा-बुर्रहीमुन (रहीम्)

९ व इज़् क़ुल्तुम् या मूसा लन्नोमि-न ल-क हत्ता न-रल्ला-ह जह्-र-तन फ़ अ-ख़-ज़त् कुमुस्स्वा-इ-क़तु वअन्तुम् तन्ज़ुरू-न

१० सुम्-म ब-अस्नाकुम् मिम् ब-अ-दि मौतिकुम् ल-अल्-लकुम् तश्कुरू-न

११ व ज़ल्लल्ना अलैकुमुल् ग़-मा-म व अन्ज़ल्ना अलैकुमुल् मन-न वस्सल्वा, कुलू मिन् त्वैयिबा-ति मा र-ज़क़् कुम्, व मा ज़-ल-मूना व लाकिन् कानू अन्फ़ु-स-हुम् यज़्लिमू-न

१२ व इज़् क़ुल्नद् ख़ुलू हा-ज़िहिल् क़ र्य-त फ़कुलू मिन्हा हैसु शेतुम् र-ग़-दन् वद् ख़ुलुल् बा-ब सुज्जदन् व क़ूलू हित्त्वतुन् नग़्फ़िर्लकुम् ख़त्वा-या कुम् व स-न-ज़ीदुल् मुह्सिनी-न

तुम्हारी क्षमा स्वीकार की निःसन्देह वोह बड़ा क्षमा करने वाला कृपालु है

९ और जब तुम (तुम्हारे बड़ों) ने कहा था कि ऐ मूसा ! जब तक हम अल्ला को प्रत्यक्ष न देख लें हम किसी प्रकार भी तुम्हारा विश्वास करने वाले हैं नहीं (कि अल्ला तुमसे बात कर रहा है) इस पर तुमको बिजली ने आदबाया और तुम देखा किए

१० फिर तुम्हारी मृत्यु के पश्चात् हमने तुमको जीवित कर उठा खड़ा किया कि स्यात् तुम मेरे आभारी होवो ।

११ और हमने तुम पर बादल की छाया की और तुम पर मन्न और सल्वा भी उतारा (और आज्ञा दी कि) हमने जो तुमको पवित्र भोजन दिया है खाओ और (इन लोगों ने) हमारा तो कुछ नहीं बिगाड़ा परंतु अपना ही खोते रहे

१२ और जब हमने तुमको आज्ञा दी कि इस ग्राम में जाओ और उसमें आनंद से जहां चाहो खाओ और द्वार से दण्डवत करते हुए प्रवेश करना और 'हित्वतुन' अर्थात्:- (पाप दूरहों) कहते आना तो हम तुम्हारी भूल क्षमा कर देंगे और शुभ कर्म करने वालों को विशेष भी देंगे

* मूसा ब० ई० को लेकर मिश्र से निकले तो ईश्वर ने ब० ई० से प्रतिज्ञा की कि अमालका जाति से लड़ोगे तो हम तुमको विजय प्राप्त करावेंगे और शाम देश में तुम्हारा राज्य स्थापन कर देंगे—मूसाने बहुत कुछ समझाया पर उनका साहस न हुआ इस अवज्ञा के कारण ईश्वर ने उनको दंड दिया और ४० वर्ष तक बन में भटकते फिरे बड़ी विपत्तियां सहीं इस पर मूसा की प्रार्थना के प्रताप से ईश्वर ने ब० इ० पर अनेकानेक कृपाएं कीं सूर्य के ताप से रक्षा के लिए अभ्र अपनी छाया करता, भोजन के लिए अन्न और सल्वा मिलता—रात्रि को जो ओस पड़ती तो एक वस्तु मीठी २ जंगली वृक्षों पर जम जाती वही मन्न थी उसको खुरच लाते और मिठाई के स्थान पर खाते और सल्वा बटेर के समान एक जानवर था, रातको जहां ब० इ० का पड़ाव पड़ता वह जानवर आप से आप चारों ओर एकत्रित हो जाते वह इनको भूंज कर कबाब (भुजिया) बनाते परन्तु आज्ञा यह थी कि कल के लिए कोष न एकत्र करो, इन लोगों से संतोष न हो सका और लगे जोड़ २ कर रखने, अन्त में मन्न और सल्वा का उतरना बंद हो गया ।

१३ फ़ बद्दलल्लज़ी-न ज़-ल-मू क़ौ-लन् ग़ैरल्लज़ी क़ी-ल लहुम् फ़ अ न्ज़ल्ना अ-लल्लज़ी-न ज़-ल-मू रिज्ज़म् मि-नस्समा-इ बिमा कानू य फ़्सुक़ू-न

१३ फिर अन्यायियों ने उस बातको जो उनको बताई गई थी बदल डाली और दूसरी बोलने लगे तो हमने उन अन्यायियों पर उनकी अवज्ञा के ही अपराध में आकाश से आपत्ति डाली*

सातवां रुकू । आयत २+५९—६१

१ व इज़िस्तस्क़ा मूसा लि क़ौमिही फ़ क़ुल्नज़्रिब् बि-असाकल् ह-ज-र (हजर) फ़न् फ़-जरत् मिन्हुस्-नता अश्-रत अैना, क़द् अलि-म कुल्लु उनासिम् मश्-रबहुम्, कुलू वश्रबू मिर्रिज़्क़िल्ला-हि वला तअ्सौ फ़िल्-अर्ज़ि मुफ़्सिदी-न

२ व इज़् क़ुल्तुम् या मूसा लन् नस्बि-र अला तआ-मिंव्-वाहिदिन् फ़द्-उ लना रब्ब-क युख़्रिज् लना मिम्मा तुम्बितुल् अर्ज़ु मिम् बक़्लिहा व क़िस्सा-इहा व फ़ूमिहा व अ-दसिहा व ब-स-लिहा, क़ा-ल अतस्तब्दिलूनल्लज़ी हु-व अद्ना बिल्लज़ी हु-व ख़ैरुन् (ख़ैर), इह्बितू मिस्रन् फ़-इन्न ल कुम् मा स-अल्तुम्, व ज़ुरिबत् अ लैहिमुज़्ज़िल्लतु वल् मस्-कनतु व बा ऊ बि-ग़-ज़-बिम् मिनल्ला-हि, ज़ालि-क बि-अन्नहुम् कानू यक्फ़ुरू-न बि आया-तिल्ला-हि व यक़्तुलूनन्नबीयी-न बिग़ैरिल्-हक़्क़ि (हक़), ज़ा-लि-क बिमा अ़सौ व कानू यअ्-तदू-न

१ और जब मूसाने अपनी जाति के लिए पानी मांगा तो हमने कहा कि अपनी लाठी पत्थर पर मार तो उससे बारह स्रोत बह निकले, सब लोगों ने अपना (अपना) घाट जान लिया (फिर आदेश हुआ कि) अल्ला के (दिए हुए) पदार्थ खाओ और पीओ और देश में झगड़ा न फैलाते फिरो

२ और जब तुमने कहा कि ऐ मूसा ! हम से तो एक भोजन पर नहीं रहा जाता सो हमारे लिए अपने रब को पुकार कि निकाले (उत्पन्न करे) हमारे लिए जो पृथ्वी से उगती है अर्थात्- शाक पात, और ककड़ी और गेहूं और मसूर और प्याज (मूसाने) कहा कि जो वस्तु बढ़िया है क्या तुम उसके बदले में ऐसी वस्तु लेना चाहते हो जो घटिया है, (अच्छा तो) किसी नगर में उतर पड़ो कि जो मांगते हो तुमको मिलेगा और उन पर दुर्दशा और दारिद्रय की मार डाली गई और अल्ला का कोप कमालाए यह इस कारण कि वह अल्ला की आयतों को नहीं मानते और पैग़म्बरों को अन्याय पूर्वक हनन किया करते थे (और) यह इस लिए (भी) कि उन्होंने अवज्ञा की और सीमा से बढ़ (बढ़) जाते थे ।

* महा मारी फैली और थोड़ा हुआ राज्य फिर हाथ से जाता रहा ।

आठवां रुकू । आयत १०+६१=७१

१ इन्नल्लज़ी-न आ-मनू वल्लज़ी-न हादू व न्नसारा वस्सा-बिई-न मन आ-म-न बिल्ला-हि वल् यौमिल् आ-खिरि व अमि-ल स्वालिहन फ़ लहुम् अज्रुहु म् इन्-द रब्बिहिम्, व ला खौफ़ुन अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नू-न

१ निस्सन्देह मुसल्मान और यहूदी और ईसाई और साबीक* इन में से जो लोग अल्ला पर और अंतिम दिवस पर विश्वास लाए और शुभ कर्म किए तो उनको उनका बदला उनके रबके यहां मिलेगा और उनपर न भय होगा और न वह शोक ग्रस्त होंगे ।

२ व इज़् अखज़्ना मीसा-क़-कुम् व र-फ़अ्-ना फ़ौ-क़-कुमुत्तू-र, ख़ुज़ू मा आतैनाकुम् बिक़ुव्वतिन वज़्कुरू मा फ़ीहि ल-अल्ल-कुम् तत्तक़ू-न

२ और जब हमने तुमसे (तौरात पर चलने की) प्रतिज्ञा ली और तुम्हारे ऊपर 'तूर' (पर्वत) को उठाकर ला लटकाया,† (और कहा) जो हमने तुमको दी है वह दृढ़ता से पकड़े रहो और जो उस में है याद रखो कारण कि तुम विवेकी बन जाओ ;

३ सुम्-म तवल्लैतुम् मिम् बअ्दि ज़ा-लि-क, फ़ लौ ला फ़ज़्लुल्ला-हि अलैकुम् व रह्-म-तु-हू लकुन्तुम् मिनल् ख़ासिरी-न

३ फिर इसके पश्चात तुम फिर गए तो यदि तुम पर अल्ला की करुणा और दया न होती तो तुम घाटे में आगए होते ।

४ व लक़द् अलिम्तुमुल्लज़ीनअ्-तदौ मिन्कुम् फ़िस्सब्ति फ़ क़ुल्ना लहुम् कूनू क़ि-र-द-तन खासिई-न

४ और उन लोगों को तो तुम जान ही चुके हो जिन्होंने तुम में से शनिवार‡ के दिन (का मान्य न करने में) सीमा का उल्लङ्घन किया तो हमने उनसे कहा कि बंदर बनजाओ निंदित

* स्वाबिईन दार्शनिक विचार के पुरुष थे कुछ अद्वैत-ईश्वरोपासक थे और कुछ अन्य प्रकार के भी ।

† यहूदियों को तौरात दी गई तो उसकी मोटाई देख कर घबराए और कहने लगे कि हम से तो इतनी बातों पर चला नहीं जा सकेगा, ईश्वर ने तूर पर्वत को उनके ऊपर अधर लटका दिया कि मानते हो तो मानो नहीं अभी कुचला किए देता हूं, अन्त को मान गए (न जाने अब खुदा ऐसी तर्कीबें क्यों भूल गया)

‡ जिस प्रकार मुल्मानों में शुक्र वार और ईसाइयों में आदित्य वार पवित्र और ईश्वरोपासना के वास्ते मुख्य दिन है यहूद के वास्ते शनिवार नियत था, और अनेक आज्ञाओं में से एक आज्ञा यह भी थी कि शनिवार को शिकार न करना यह लोग क्या चाल करते कि समुद्र के तट पर गढ़े खोद रखते थे, शुक्र के दिन समुद्र का पानी उन गढ़ों में भर लेते और पानी के साथ मछलियां भी आ जाती, अगले दिन गढ़ों में से मछलियां निकाल लेते और कहते कि यह शुक्र का किया हुआ शिकार है, उनको ईश्वर ने दंड दिया कि उनकी आकृतियों को बदल कर बंदर बना दिए और उन पर दुर २ की बौछार पड़ने लगी ।

आर्य समाज

